महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 17.07.2022

मीडिया सेल, महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद महोबा के समस्त पुलिस थानों/कार्यालयों में चलाया गया !! स्वच्छता अभियान !!

आज दिनांक 17.07.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में महोबा पुलिस के समस्त थानों/कार्यालयों एवं पुलिस लाईन में स्वच्छता अभियान चलाकर थाना कार्यालय, बैरक, थाना परिसर, प्रशासनिक भवन, मेस, परिसर एवं विशेषकर खाली पड़े स्थानों पर बेतरतीब उगी हुई घास को काटा गया व गंदगी की साफ सफाई की गयी।

थानों पर कार्यरत कर्मियों द्वारा थाना परिसर के साथ-साथ बैरकों, मालखाना, मेस, थाना कार्यालय की साफ-सफाई के साथ शस्त्रों की सफाई भी की गयी साथ ही अभिलेखों को सुव्यवस्थित तरीके से रखा गया तथा आमजनमानस को भी स्वच्छता का सन्देश देकर स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया।

थाना अजनर पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोंकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 17.07.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेश चन्द्र के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अजनर श्री लाखन सिंह द्वारा गठित की गयी उ0नि0 उमेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों/ संदिग्ध वाहनों की चेकिंग व वांछित/ वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर थाना हाजा पर पंजीकृत मु.अ.सं. 115/2022 धारा 363/366 भादवि के वांछित अभियुक्त सरूप पुत्र धर्मदास निवासी मुहल्ला टिलवापुरा थाना चरखारी जनपद महोबा उम्र करीब 27 वर्ष को कस्बा अजनर चौराहे से गिरफ्तार किया बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम –

1. उ.नि. उमेश कुमार थाना अजनर जिला महोबा।
2. कां. आसवेन्द्र सिंह थाना अजनर जिला महोबा।
3. कां. रामनरेश यादव थाना अजनर जिला महोबा।

गिरफ्तार अभियुक्त –

सरूप पुत्र धर्मदास निवासी मुहल्ला टिलवापुरा थाना चरखारी जनपद महोबा उम्र करीब 27 वर्ष।

अपराध विवरण -

मु.अ.सं. 115/2022 धारा 363/366 भादवि थाना अजनर जिला महोबा।

रोते बिलखते मासूम को मिला पीआरवी का सहारा, अकेले 04 वर्षीय बच्चे को अपनी संरक्षा में लेकर पीए सिस्टम की मदद से परिवार को तलाश कर उसकी माँ से मिलाया...

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में संचालित यूपी-112 पीआरवी वाहनों द्वारा लगातार स्थानीय निवासियों को तत्काल सहायता प्रदान की जाती है व इस दौरान पीआरवी टीम द्वारा विभिन्न सराहनीय कार्य किये जाते हैं।

इसी क्रम में दिनांक 16.07.2022 को थाना कोतवाली महोबा क्षेत्रअन्तर्गत पीआवी- 1256 को सूचना मिली ककी लौड़ी तिराहे के पास करीब 04 साल का बच्चा अपने परिवार से बिछड़ गया है जो डरा हुआ है व कुछ बता नहीं पा रहा है, इस सूचना पर पीआरवी टीम तत्काल 03 मिनट के अन्दर मौके पर पहुंची इसके उपरान्त पुलिस टीम ने बच्चे को पुचकारते हुये उसका डर दूर किया जिसके उपरान्त बच्चे ने बताया कि वह खेलते हुए भटक गया है व उसका नाम जफर है तथा अपनी मां का नाम शहनाज बताया परंतु अपना पता नहीं बता पाया । पीआरवी कर्मियों ने तत्काल संबंधित को अवगत कराया तथा बच्चे को पीआरवी में बैठा कर पीए सिस्टम की मदद से आस-पास के क्षेत्र में एनाउंसमेंट करते हुए खोजना प्रारंभ किया काफी देर बाद करीब 02 किमी मोहल्ला कसौरा में उसके माता पिता बच्चे को खोजते हुए मिले जो बहुत परेशान थे जिन्होंने बताया कि वह महाराजपुर कानपुर नगर से महोबा अपने रिस्तेदार के यहां आए हुए थे और बच्चा खेलते हुए चला गया था।

पीआरवी कर्मियों ने बच्चे जाफर को सकुशल उसके माता पिता शहनाज व मोहम्मद जलानी को हिदायत देते हुए सुपुर्द किया जिसकी सराहना सभी ने की।

पीआरवी स्टाफ

कमांडर - का0 मोहम्मद वसीम

सब कमांडर - हो0गा0 मोहन लाल

पायलट - हो0गा0 राजेश कुमार।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 17.07.2022

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में शांति एंव कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा।

आज दिनांक **17.07.2022** को पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रो में संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त करते हुए स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर 87 ई-चालान किये गये।

महोबा पुलिस